# कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी शहर में निकली बाइक रैली, लोगों से की गई मतदान करने की अपील

रायगढ़

जाबो कार्यक्रम के तहत आज मतदाता जागरूकता रथ के साथ बाइक रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जागरूकता रथ एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय उपस्थित रहे। मौके पर कलेक्टर गोयल ने सभी को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई।

निगम आयुक्त क्षत्रिय के मार्गदर्शन में 200 से अधिक लोगों ने बाइक रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता रथ के साथ शहर के सभी मुख्य मार्गों का भ्रमण किया। इसमें निगम कार्यालय से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक, सतीगुड़ी चौक, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड से होते हुए ढिमरापुर चौक पहुंचे। इसी तरह ढिमरापुर चौक से वापस होकर बस स्टैंड से इंदिरा नगर, चांदमारी, मरीन ड्राइव होते हुए केलो पुल, चक्रधर नगर चौक, बोईरदादर चौक, चक्रपथ, जेल रोड, कबीर चौक होते हुए छातामुडा चौक से वापस निगम कार्यालय में संपन्न हुई। बाईक रैली के माध्यम से 11 फरवरी को अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान अवश्य करने की अपील की गई।






## 600 से अधिक निगम कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान करने का संदेश

**❒ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में निगम आयुक्त क्षत्रिय ने दिलाई निर्वाचन की शपथ**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज सुबह 7 बजे निगम के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा रायगढ़ जाबो-2025 के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 600 से अधिक निगम कर्मचारियों द्वारा जाबो रायगढ़-2025 की थीम पर मानव श्रृंखला बनाई गई।

नगरीय निकाय में 11 फरवरी 2025 को मतदान होना है। इसके लिए जिला प्रशासन, निगम प्रशासन द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता के तहत जाबो कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान जनसामान्य से मतदान जरूर करने और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की जा रही है। इसी कड़ी में आज नटवर स्कूल मैदान में जाबो रायगढ़-2025 की थीम पर मानव श्रृंखला बनाई गई थी। मानव श्रृंखला में 600 से अधिक निगम के कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा सभी से मतदान जरूर करने एवं दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। मानव श्रृंखला में निगम के एसएलआरएम सेंटर सुपरवाइजर एवं स्वच्छता दीदियों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर सुतीक्षण यादव, सहायक अभियंता सूरज देवांगन, उप अभियंता मुन्ना ओझा, सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रयास आवासीय विद्यालय: कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु 14 फरवरी तक मंगाए गए ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु पूर्व में मंगाए गए ऑनलाईन आवेदन तिथि में वृद्धि की गई है। जिसके तहत अब अंतिम तिथि 14 फरवरी 2025 रात्रि 12 बजे तक वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-admission-Detail में ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 17 से 21 फरवरी 2025 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित है। जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण, प्रवेश पत्र डाउनलोग करने की तिथि एवं प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि पृथक से दी जाएगी।

### निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदाता ईडीबी के माध्यम से 8 फरवरी को सृजन सभाकक्ष में कर सकेंगे मतदान

**रायगढ़।** नगर पालिक निगम रायगढ़ अंतर्गत नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु निर्वाचन कर्तव्य पर नियुक्त मतदाताओं जिन्होंने आवेदन प्रारूप 19 में निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र (ईडीबी) के माध्यम से मतदान हेतु आवेदन किया है। ऐसे मतदाताओं का मतदान कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजनसभा कक्ष के प्रथम तल सुविधा केन्द्र निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र प्रकोष्ठ में 8 फरवरी 2025 को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा।

### मतदान तिथि को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकाय-2025 अंतर्गत मतदान तिथि मंगलवार 11 फरवरी 2025 को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 अंतर्गत मतदान तीन चरणों में आयोजित होगा। जिसके लिए मतदान तिथि सोमवार 17 फरवरी 2025 एवं गुरूवार 20 फरवरी 2025 को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। मतदान तिथि रविवार 23 फरवरी 2025 को शासकीय अवकाश होने के कारण पृथक से सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित करने की आवश्यकता नहीं है।

### व्यय प्रेक्षक कुजूर ने महापौर एवं अध्यक्ष प्रत्याशियों का किया व्यय लेखा जांच



**रायगढ़।** नगरीय निकायों के महापौर/अध्यक्ष प्रत्याशियों के व्यय लेखाओं की जांच व्यय प्रेक्षक अरविन्द कुजूर (संयुक्त संचालक) वित्त द्वारा की गई। इस दौरान व्यय नोडल अधिकारी ज्योति सिंह (कोषालय अधिकारी), सहायक नोडल रिद्धि साहू, ममता सारथी, व्यय संपरीक्षक आशीष सोनी, तुलसी प्रसाद श्रीवास, सहायक संपरीक्षक भीरिंगराज साहू, देव कुमार डनसेना उपस्थित रहे।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को जिले में बनाए गए 21 परीक्षा केन्द्र, 7 उड़न दस्ता दल गठित

**❒ परीक्षा केन्द्रों के सभी केन्द्राध्यक्षों की ब्रीफिंग संपन्न**

रायगढ़

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी रविवार को दो पालियों में आयोजित होगी। जिसके लिए 21 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें 6215 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए 3 सदस्यों से युक्त कुल 7 उडऩदस्ता दल का गठन भी किया गया है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा भुवनेश्वर पटेल एवं व्याख्याता बाबूलाल पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

परीक्षा केन्द्रों के सभी केन्द्राध्यक्षों की ब्रीफिंग आज कलेक्टोरेट परिसर के सृजन सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी महेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डिप्टी कलेक्टर शर्मा ने बैठक में उपस्थित सभी केन्द्राध्यक्षों को पूरी सावधानी के साथ केन्द्र पर परीक्षा संचालित करने के निर्देश दिए। मौके पर प्राचार्य राजेश डेनियल ने परीक्षा के संबंध में विस्तार पूर्वक ब्रीफिंग दी। ब्रीफिंग में परीक्षा पूर्व केन्द्र की तैयारी, परीक्षा दिवस के कार्य तथा परीक्षा उपरांत प्रेषित की जाने वाली सामग्री के संबंध में सभी केन्द्राध्यक्षों को विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में सहायक नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, नेत्रानंद चौहान सहित सभी केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए ईवीएम की हुई कमीशनिंग

**❒ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण कर कमीशनिंग का लिया जायजा**






रायगढ़

नगरीय निर्वाचन के लिए आगामी 11 फरवरी को मतदान होने हैं। रायगढ़ जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए केआईटी में ईवीएम मशीनों के कमीशनिंग का कार्य 07 जनवरी को किया गया। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण कर ईवीएम कमीशनिंग का जायजा लिया।

यहां उन्होंने नगरीय निकायों में मतदान के लिए ईवीएम को तैयार किए जाने की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर गोयल ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार ईवीएम मशीनों के कमीशनिंग का काम पूरी सतर्कता से पूरा करें। उन्होंने सभी रिटर्निंग ऑफिसर को लगातार इसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि रायगढ़ के 7 नगरीय निकायों के लिए ईवीएम का रेण्डमाइजेशन बीते दिनों किया गया। जिसके बाद अब मशीनों को वोटिंग के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत हर निकाय में वहां के प्रत्याशियों के नाम और चिन्ह के साथ बैलेट यूनिट को और इसी के आधार पर कंट्रोल यूनिट को तैयार किया जाता है। ईवीएम की कमीशनिंग के लिए तैनात अधिकारियों को इसके लिए प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग से इंजीनियर्स की टीम भी आवश्यक सहयोग के लिए पहुंची हुई है।

ईवीएम की कमीशनिंग के पश्चात इसे संबंधित नगरीय निकाय के स्ट्रांग रूम भेज दिया जाएगा। जिसके पश्चात वहां से निर्वाचन संपन्न कराने वाले मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण 10 फरवरी को किया जाएगा। 11 फरवरी को मतदान होगा।

# प्रभारी सचिव रजत कुमार ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के प्रबंधन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली बैठक

**0 मेडिकल कॉलेज में चल रहे कार्यों और भविष्य की आवश्यकताओं के संबंध में अधिकारियों से की चर्चा**

रायगढ़



प्रभारी सचिव रजत कुमार ने आज संत गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय प्रबंधन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, सचिव सीजीएमएससी पद्मिनी भोय, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ.विनीत जैन, संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ.मनोज मिंज, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी सहित पीडब्ल्यूडी व सीजीएमएससी के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में निर्माण कार्यों से संबंधित कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस पर प्रभारी सचिव रजत कुमार ने कहा कि आवश्यक कार्यों की रूपरेखा प्राथमिकता के साथ तैयार किया जाए, ताकि मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में आगे व्यवस्थाएं बेहतर की जा सके। उन्होंने पीडब्ल्यूडी एवं सीजीएमएससी द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें। इस दौरान एमआरआई, कैंसर यूनिट और परिजन आवास से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। इसी क्रम में अस्पताल की विद्युत व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई, जिसमें कलेक्टर गोयल ने जानकारी दी कि ट्रांसफार्मर विस्तार का कार्य प्रगति पर है। साथ ही अस्पताल मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु आवश्यक राशि स्वीकृत की जा चुकी है। प्रभारी सचिव रजत कुमार ने सोलर पैनल इस्टॉल करने के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि इन्हें अस्पताल भवन और पार्किंग क्षेत्र में स्थापित किया जा सकता है।

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल तक परिवहन सुविधा की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें दूरी के आधार पर किराया निर्धारण करने की बात कही गई। भविष्य के निर्माण कार्यों हेतु भूमि संबंधी समस्या की जानकारी लेते हुए प्रभारी सचिव ने कलेक्टर से अपडेट लिया, जिस पर कलेक्टर गोयल ने बताया कि भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है और सीमांकन के बाद इसे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को प्रदान किया जाएगा।

# नक्सलियों के लेटरपैड इस्तेमाल कर 1 करोड़ की मांगी फिरौती, गिरफ्तार

जशपुर-रायपुर। आरएनएस



पीएलएफआई नक्सली संगठन का लेटरपैड एवं फिलीपींस देश का एरिया कोड इस्तेमाल कर व्हाट्सअप से 1 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के एक आरोपी को पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। दूसरा फरार है। दोनों आरोपी पूर्व में मिलकर के एक दर्जन लोगों से फिरौती मांग चुके हैं। पुलिस के अनुसार मामला इस प्रकार है कि 21 जनवरी को थाना बगीचा में एक 59 वर्षीय शासकीय विभाग के लेखापाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उक्त दिनांक के प्रात: 8 बजे इसके मोबाईल में व्हाट्सअप पर पी.एल.एफ.आई. नक्सली संगठन के पार्टी अध्यक्ष द्वारा फिलीपींस देश का एरिया कोड का इस्तेमाल कर एक पत्र भेजा गया है जिसमें 01 करोड़ रूपये नक्सली संगठन को राशि प्रदाय करने हेतु लेख किया गया है। उक्त राशि नहीं दिये जाने पर धमकी देकर प्रार्थी को फौजी कार्यवाही करने की धमकी दी गई है।प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(3), 351(2) एवं छ.ग. विशेष जन सुरक्षा अधिनियम् की धारा 8(1), 8(5) के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जशपुर जिले के एसएसपी शशि मोहन सिंह द्वारा इस अत्यंत संवेदनशील मामले में अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु एसडीओपी बगीचा दिलीप कोसले के नेतृत्व में टीम गठित किया गया साथ में सायबर यूनिट को भी संलग्न किया गया।

# फर्जी सीआईडी अधिकारी बनकर 7 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

मुंगेली। आरएनएस

बिलासपुर के एक अस्पताल में फर्जी सीआईडी अधिकारी बनकर डॉक्टर को डरा धमकाकर सात लाख रूपये की वसूली करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पहले ही इसी प्रकार के एक मामले में जेल में बंद था।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 08 नवबर 2023 को शाम करीबन 4 बजे सफेद रंग की मारूति सुजुकी डिजायर कार क्रमांक सीजी-10 एक्यू-5861 में एक व्यक्ति शूट बुट पहनकर अपने आप को सीआईडी अधिकारी बताकर अवध लाईफ केयर हॉस्पिटल करही, मुंगेली मे पंहुचा और हॉस्पिटल संचालक प्रार्थी डॉ. अवधेश कुमार सिंह पिता स्व. खसरू सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी नर्मदा नगर बिलासपुर थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर के हॉस्पिटल का रिकार्ड व डॉक्टर की डिग्री चेक कर डरा धमकाकर 07 लाख रूपये लेकर धोखाधड़ी कर ली। इसकी रिपोर्ट डॉ अवधेश ने थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में दर्ज कराई। जिसपर अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी स्मिथ सेठी पिता अभेराम सेठी उम्र 40 वर्ष निवासी सोहिया अभिन्यू जगन्नाथ मगर रोड नंबर-01 झालपाडा भुनेश्वर थाना लक्ष्मीसागर, जिला खुर्दा भुनेश्वर को गिरफ्तार कर न्यायालय महासमुंद के आदेश पर जेल भेजा गया है। जिस पर आरोपी द्वारा जिला मुंगेली के अवध अस्पताल के संचालक/प्रार्थी डॉ. अवधेश कुमार सिंह से सी.आई.डी. अधिकारी बनकर 07 लाख रूपये धोखाधड़ी करना बताये जाने पर मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली नवनीत कौर छाबड़ा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिसमयंक तिवारी के मार्गदर्शन पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय मुंगेली से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपी स्मिथ सेठी पिता अभेराम सेठी उम्र 40 वर्ष निवासी सोहिया अभिन्यू जगन्नाथ मगर रोड नंबर-01 झालपाडा भुनेश्वर थाना लक्ष्मी सागर जिला खुर्दा भुनेश्वर को जिला जेल महासमुंद से लाकर दिनांक 06.02.2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय मुंगेली से पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

**कोतरारोड़ पुलिस की कार्रवाई**

# दो लापता नाबालिगों को किया दस्तयाब, शोषण के आरोपियों को भेजा जेल

रायगढ़



एसपी दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन पर कोतरारोड़ पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में लापता नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके शोषण के आरोप में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

पहला मामला 31 दिसंबर 2023 को सामने आया था, जब 24 दिसंबर को एक किशोर बालिका के लापता होने की शिकायत उसके परिजनों ने थाना कोतरारोड़ में दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी और अप.क्र. 595/23 धारा 363 भा.दं.वि. के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान 6 फरवरी 2025 को पुलिस ने लापता बालिका को आरोपी अरुण माझी (27), निवासी थाना कोतरारोड़ क्षेत्र के पास से बरामद किया। बालिका के बयान और मेडिकल परीक्षण के बाद खुलासा हुआ कि अरुण माझी ने उसे नाबालिग होने के बावजूद शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाया और लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। इस पर पुलिस ने प्रकरण में धारा 366, 376 भा.दं.वि. और पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और रिमांड पर भेज दिया।

दूसरा मामला 28 जनवरी 2025 को दर्ज हुआ था, जब एक नाबालिग बालिका के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना कोतरारोड़ में दर्ज कराई। परिजनों ने बताया कि बालिका 27 जनवरी को स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी। तमाम प्रयासों के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ गुम इंसान और अप.क्र. 41/25 धारा 137 (2) BNS के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना में पुलिस ने नाबालिग बालिका को उसके ही गांव से बरामद किया, जहां उसे आरोपी विज्जू उर्फ विजय जोंगडे (24) ने नाबालिग होने के बावजूद शादी का प्रलोभन देकर बहलाया और भगाकर ले गया था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने बालिका का शारीरिक शोषण किया। इस पर पुलिस ने धारा 65 (1), 87 BNS और पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया।

इन दोनों मामलों में गुमशुदा बालिकाओं की दस्तयाबी और आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, उप निरीक्षक जे. एक्का, सहायक उप निरीक्षक कुसुस कैवर्त, प्रधान आरक्षक करूणेश राय, आरक्षक चन्द्रेश पाण्डेय, संजय केरकेट्टा, महिला आरक्षक श्यामा सिदार और सुकृता कर्ष की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस तत्परता ने एक बार फिर नाबालिगों की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को साबित किया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480